जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक-13.03.2025**

प्रेस नोट

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से ट्यूबवेल से चोरी किया हुआ सामान व नगदी बरामदः-

ज्ञात हो दिनाँक 12.03.2025 को वादी श्री मनीष सैनी पुत्र दर्शन लाल निवासी ग्राम पठानपुरा चौसाना थाना झिंझाना शामली के खेत में स्थित ट्यूबवेल के कमरे का ताला तोडकर सामान चोरी करने के सम्बन्ध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना झिंझाना पर तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर को टयूबवैल से चोरी किये गये सामान व नगदी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में चौकी चौसाना थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.आसिफ पुत्र इलयास निवासी ग्राम मुंडेट खादर थाना थानाभवन जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किया गया सामान (तांबे का जला 425 ग्रा0 तार, दरांती, खुरपी, फावडा, डीएपी खाद का कट्टा)।

2.नगदी 600 रु0।

<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

1.नासिर पुत्र साजिद निवासी ग्राम रोटन थाना झिंझाना जिला शामली।

<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>